हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 9 सितम्बर, 2020/18 भाद्रपद, 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 41

बिजली तारें

*2939 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सुन्दरनगर शहर में HPSEBL द्वारा बिजली की तारों को भूमिगत करने की योजना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

पुलिस अधिनियम में संशोधन

*2940 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**
श्री राकेश सिंघा(ठियोग) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार पुलिस अधिनियम 2007 में संशोधन करने का विचार रखती है; यदि हां, तो सरकार अन्य विभागों की तर्ज़ पर पुलिस कर्मियों का अनुबंध कार्यकाल 8 वर्ष से 3 वर्ष करने, एच0आर0ए0 एवं दैनिक भत्ता बढ़ाने तथा पुलिस कर्मियों को एक दिन का साप्ताहिक अवकाश प्रदान करने का भी विचार रखती है; और

(ख) प्रदेश में थानों के रख-रखाव हेतु इस वर्ष कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

Encroachment

***2941 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state the number of cases of land encroachments in the Pradesh and is there any proposal to regularise these encroachments?

पुस्तकालय सहायक

***2942 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पुस्तकालय सहायकों की भर्ती करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

सीर खड्ड तटीयकरण

***2943 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज) :**
कर्नल इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बरछवाड़ से जाहू तक सीर खड्ड के तटीयकरण की अद्यतन स्थिति क्या है?

Status of Roads

***2944 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of improvement and construction work of Link roads namely Koti Bounch, Lani Borad, Shakhauli, Poka & Sahid Kalyan Singh road;

(b) how much amount has been sanctioned for these roads; when the work has started; in how much time and by when it will be completed; reasons for delay; and

(c) is the work on these roads up to the prescribed standards; if not, what action has been taken by the Government against the Contractors?

नियमितीकरण

***2945 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला चंबा में कार्यरत पैरा टीचर नियमित नहीं किए गए हैं; यदि हां, तो कारण तथा इन्हें कब तक नियमित कर दिया जाएगा?

Engineering College Building

***2946 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Technical Education Minister** be pleased to state the latest position of construction of Engineering College Building at Kotla (Jeori); by when it will be completed?

ओ0बी0सी0 आरक्षण

***2947 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के वेटरिनरी कॉलेज में ओ0बी0सी0 हेतु मात्र एक ही सीट आरक्षित है जबकि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार ओ0बी0सी0 को आरक्षण नीति अनुसार सीटें आवंटित की जानी थीं;

(ख) यदि हां, तो क्या शैक्षणिक सत्र-2013 से उच्च न्यायालय के आदेशानुसार ओ0बी0सी0 के अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की जा रही हैं; और

(ग) यदि हां, तो कितनी सीटें; यदि नहीं, तो कारण?

मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना

***2948 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मुख्य मंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि आवंटित की गई और कहाँ-कहाँ व्यय की गई तथा यह कार्य किस एजैंसी के माध्यम से किया जा रहा है; और

(ख) कितने कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं व कितने प्रगति पर हैं; ब्यौरा कार्यवार दें?

अनुदान पर ट्रैक्टर

***2949 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में किसानों को अनुदान पर ट्रैक्टर देने की योजना कार्यान्वित है;

(ख) यदि हां, तो गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक इस योजना के अन्तर्गत ऊना जिला में कितने किसानों को ट्रैक्टर आवंटित किए गए, कितने मामले लम्बित हैं व आवंटन के क्या मापदण्ड हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) यह सत्य है कि ट्रैक्टर आवंटन में अनियमितताएं पाई गई हैं; यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई गई?

Drinking Water Schemes

***2950 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state the latest position of the Drinking Water Supply Schemes of villages Malga, Barog, Sudharag and Gurash of Gram Panchayat Paudhna ?

फिना सिंह नहर

***2951 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक फिना सिंह नहर के निर्माण हेतु विभिन्न मदों के तहत कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा कार्यवार, राशिवार और वर्षवार दें;

(ख) यह सत्य है कि नहर के निर्माण कार्य के कारण भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कई परिवार बेघर हुए हैं; यदि हां, तो उनके पुनर्स्थापन हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें; और

(ग) यह भी सत्य है कि नहर निर्माण के कारण इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सड़कों को क्षति पहुंची है; यदि हां, तो सरकार उनकी मरम्मत हेतु क्या पग उठा रही है?

नियमितीकरण

***2952 श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी) :**
श्री पवन कुमार काजल(कांगड़ा) :

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार ग्रामीण विद्या उपासक, PAT व PTA अध्यापकों के अनुबंध काल की सेवाएं नियमित काल में सम्मिलित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग में विभिन्न श्रेणियों के अध्यापकों के कितने पद नियमित किए गए; इनमें से पी0टी0ए0 अध्यापकों में ओ0बी0सी0 वर्ग से कितने नियमित किए गए?

मनरेगा कार्य

***2953 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2020 तक विकास खण्ड करसोग में मनरेगा के अन्तर्गत कितने कार्य स्वीकृत हैं; और

(ख) कितने स्थानों पर कार्य पूर्ण किया जा चुका है; नाम व लागत सहित ब्यौरा दें?

Manikarn Barsheni road

***2954 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state the latest position of construction of Manikarn Barsheni road?

शिलान्यास एवं उद्घाटन

***2955 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार की विकास योजनाओं, भवनों आदि के शिलान्यास एवं उद्घाटन के लिए किन व्यक्तियों को अधिकृत किया गया है तथा इसके क्या नियम हैं; प्रतिलिपि सभा पटल पर रखें?

लम्बित योजनाएं

***2956 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू जल शक्ति मण्डल के अन्तर्गत उठाऊ सिंचाई एवं उठाऊ पेयजल योजनाओं के कितने कार्य लम्बित हैं; ब्यौरा कारणों सहित दें?

पदपूर्ति

***2957 श्री किशोरी लाल (आनी) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक तथा उच्चतर शिक्षा विभाग में विभिन्न वर्गों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं, वर्गवार व पाठशालावार ब्यौरा दें; रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

विधायक निधि

***2958 श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :**
श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) विधायक निधि को कब, किन कारणों से व कितने समय के लिए बन्द किया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या प्रदेश सरकार इसे पुनः शुरू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित पूर्ण ब्यौरा दें?

Salooni-Drabbar-Lohani-Kilod Road

***2959 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state the latest position of Salooni-Drabbar-Lohani-Kilod road under HPPWD (B&R) Division, Salooni?

शिवा प्रोजैक्ट

***2960 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार द्वारा जिला मण्डी में शिवा प्रोजैक्ट के अन्तर्गत कौन-कौन से क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है तथा प्रत्येक में कितनी-कितनी धनराशि प्रदान की गई है; और

(ख) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किस-किस क्षेत्र में इस प्रोजैक्ट को कार्यान्वित किया गया है तथा कितनी धनराशि आवंटित की गई है; ब्यौरा दें?

पुल की मरम्मत

***2961 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राष्ट्रीय राजमार्ग ब्रह्मपुखर से

घाघस सड़क तथा ब्रह्मपुखर के साथ निर्मित घ्याणा पुल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; यदि हां, तो सरकार इनकी मरम्मत हेतु क्या पग उठा रही है?

Water Supply

***2962 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) how many Dalit (Harijan) villages in Theog Assembly Constituency are not connected with drinking water schemes and reasons thereof; and

(b) by when water supply will be provided to them?

Lift Irrigation Schemes

***2963 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state the number of Lift Irrigation Schemes in Hamirpur Constituency and how many of them are functional?

खेल प्रतिभा

***2964 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सरकार क्या पग उठा रही है?

उठाऊ सिंचाई योजनाएं

***2965 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उठाऊ सिंचाई योजना भद्रवाड़, वाह भलियारा व भनवाड़ का निर्माण कार्य कब आरम्भ किया गया था तथा इनके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) यह योजनाएं कब तक बनकर तैयार हो जाएंगी व इनसे कितना क्षेत्र लाभान्वित होगा; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***2966 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालू के भवन का निर्माण कार्य बन्द पड़ा है; यदि हां, तो इसे प्रारम्भ करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Status of Sports Hostel Duttnagar

***2967 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state the latest position of construction of Sports Hostel Duttnagar and by when it will be completed?

धनराशि का आवंटन

***2968 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2020 तक उद्योग विभाग के रेशम अनुभाग में केन्द्रीय तथा राज्य योजनाओं के अन्तर्गत किस-किस योजना के लिए कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई तथा कितनी आवंटित हुई; ब्यौरा जिलावार व योजनावार दें?

जल निकासी

***2969 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि ऊना शहर में जल निकासी हेतु DPR तैयार की गई है; यदि हां, तो यह कार्य किस एजैंसी को आवंटित किया गया है तथा कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

----

32 KV स्टेशन सेरी घाट

***2970 डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सोलन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 32 KV स्टेशन सेरी घाट का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

लम्बित कार्य

***2971 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला चम्बा में वन विभाग की स्वीकृति के बिना विभिन्न विभागों के कितने कार्य लंबित पड़े हैं तथा उनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा विभागवार, कार्यवार व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

खनन पट्टे

***2972 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार खनन पट्टे देने तथा सिरमौर जिला में स्टॉक के विपरीत परमिट देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक जिला सिरमौर में स्मॉल स्केल तथा लार्ज स्केल की कितनी माइन की तथा किन-किन को स्टॉक उठाने की अनुमति प्रदान की गई है; ब्यौरा दें?

आरक्षण सुविधा

***2973 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष प्रदेश के राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालयों में कितनी सीटें एक्स-सर्विसमैन, अन्य पिछड़ा क्षेत्र, सामान्य वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग को दी गईं; ब्यौरा दें?

टारिंग

***2974 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2020 तक लोक निर्माण विभाग करसोग में कितनी किलोमीटर सड़क की टारिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया था तथा कितनी टारिंग की गई है; सड़कों के नाम व लागत सहित ब्यौरा दें?

प्रतिनियुक्तियां

***2975 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला किन्नौर के विभिन्न प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से चिकित्सकों को जिला सोलन में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है; यदि हां, तो कारण?

बखीरना पुल निर्माण

***2976 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि पब्बर नदी पर निर्माणाधीन बखीरना पुल टूट गया था; यदि हां, तो इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई थी और टूटने के क्या कारण रहे व ठेकेदार के विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; और

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक पुनः आरम्भ कर दिया जाएगा?

भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारी/कर्मचारी

***2977 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों के विरुद्ध सी.बी.आई और विजिलेंस द्वारा जांच चल रही है;

(ख) यदि हां, तो इनके नाम, पते और वर्तमान पद तथा नियुक्ति स्थल सहित पूर्ण ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा किन मामलों में अभियोजन मंजूरी दी गई है; जिन मामलों में सरकार ने मंजूरी नहीं दी है उनका ब्यौरा कारणों सहित दें ?

फसलों को नुकसान

***2978** **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हाल ही में प्रदेश में वर्षा के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान की भरपाई हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

11 KV sub-station of HPSEB

***2979** **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that a 11 KV Sub-Station of HPSEBL was inaugurated at Brangal under HPSEBL Sub-Division Bhalai, Division Dalhousie; and

(b) whether it is a fact that the Sub-Station is incomplete and not functioning to full capacity?

Shimla : 171004. **Yash Paul Sharma,**

Dated: 24th August, 2020. **Secretary.**